राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

कोरोना समय में बच्चों का झरोखा

07 मई 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 02

बिल्ली तक न आती

आज की कविता

बच्चों को अपने दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, खेलना-कूदना पसंद है। यदि उनकी इन गतिविधियों पर बन्दिशें लग जाएँ तो उन्हें कैसा महसूस होगा? उनकी मनःस्थिति कैसी होगी? इस कविता को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए । साइकिल पत्रिका



अम्माची की गज़ब मशीनें

आज की कहानी

किसे पता था कि नारियल की बरफ़ी बनाना भी इतना मज़ेदार हो सकता है? नयी-नयी चीज़ें ईज़ाद करने वाली अम्माची और सूरज ने मिलकर नारियल की बरफ़ी बनाने के लिए बिलकुल अनोखे ढंग से एक नहीं बल्कि छह-छह सरल मशीनें काम मे लीं। इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए । स्टोरीवीवर

बत्तख

आज की किताब

यह कहानी राजस्थान की रहने वाली एक बालिका की संकल्पना पर आधारित है। कहानी में एक बत्तख के अंडे देने, उनसे बच्चों के निकलने और बतख व उसके बच्चों के तालाब में तैरने का सहज विवरण है। इस कहानी को पढ़ने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए । रूम टू रीड



लिफ्टिंग फैन

आज की गतिविधि

यह एक मज़ेदार गतिविधि है। जिसे आपके लिए अरविंद गुप्ता जी प्रस्तुत कर रहे हैं। इसमें गतिविधि में जैसे ही आप पंखे पर फूंक मारते हैं वह घूमता है और नीचे का कार्ड उठ जाता है। कार्ड क्यों उठता है? क्या वह खुद उठता है या पंखा उसे उठाता है? इनका उत्तर जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें और वीडियो देखें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए । अरविंद गुप्ता टॉयज़

जैसी माँ वैसी बेटी

टीचर्स कॉर्नर

महिला वैज्ञानिकों की बात करें तो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बहुत ही गिने-चुने नाम ध्यान में आते हैं। हिन्दुस्तान के सन्दर्भ में तो अक्सर एकाध नाम भी नहीं सूझता। इसका एक कारण तो स्पष्ट है कि सामाजिक असमानताओं और स्टीरियोटाइप्स के चलते बहुत कम महिलाएँ उच्चतर शिक्षा हासिल कर पाती हैं। आलेख पढ़ें।

शिक्षकों के लिए । संदर्भ पत्रिका



सीएलसी प्रतिभागी – देवदास का ब्लॉग

हमारा पुस्तकालय

यह श्रृंखला राजस्थान के राजकीय विद्यालयों में संचालित उन पुस्तकालयों के बारे में है जो बच्चों के आनंद से पढ़ने के अनुभवों को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। आइए इस बार पढ़ते हैं देवदास का ब्लॉग उनके पुस्तकालय अनुभव को लेकर। देवदास चुरू जिले में राजकीय विद्यालय में अध्यापक हैं।

शिक्षकों के लिए । RSLPP

#घर में रहें
#आनन्दसेपढ़ें

साथियों, हवामहल का 106 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोड़िए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा? शुभकामनायें।

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।